दैनिक भास्कर 09/10/19

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में समय से करीब डेढ़ माह पहले शुरू होगी प्रक्रिया

दिवाली से पहले 12 कंपनियां आएंगी प्लेसमेंट के लिए

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय प्लेसमेंट को लेकर इस बार बड़े लक्ष्य पर काम कर रही है। भले ही मंदी का जिक्र हर तरफ हो रहा है, लेकिन यूनिवर्सिटी ने इस बार 15 प्रतिशत ज्यादा कंपनियां प्लेसमेंट के लिए बुलाने का लक्ष्य तय किया है। इस पर काम भी शुरू हो गया है। दीपावली से पहले छात्रों की प्लेसमेंट प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 12 बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियां दीपावली के आसपास प्लेसमेंट के लिए यूनिवर्सिटी आएंगी। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी की प्लेसमेंट प्रक्रिया इस सत्र में समय से करीब डेढ़ माह पहले ही शुरू हो जाएगी।

पिछले साल यूनिवर्सिटी ने सत्र 2018-19 में 1125 छात्रों को जॉब दिलवाया था। इस बार 2019-20 के सत्र में यूनिवर्सिटी का लक्ष्य 1250 के पार का है। यही नहीं, यूनिवर्सिटी ऐसी कंपनियां बुला रही है, जिनका औसत पैकेज भी पिछले साल से ज्यादा रहेगा। इसके अलावा अधिकतम पैकेज में भी इजाफा होगा। यह पिछले साल 19 लाख और फिर 29 लाख तक पहुंच गया था। इस बार 30 लाख के पार का लक्ष्य है।

करीब 125 कंपनियों से संपर्क करेगी यूनिवर्सिटी

यूनिवर्सिटी का सेंट्रल प्लेसमेंट सेल इस सत्र में करीब 125 कंपनियों से संपर्क करेगा। इनमें 85 फीसदी कंपनियां वही होंगी जो कि पिछले साल भी आई थीं, जबकि कई नई कंपनियां जोड़ी गई हैं। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के हेड अवनीश व्यास के मुताबिक, हमने इसी माह से प्लेसमेंट को लेकर प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया है। इंजीनियरिंग छात्रों के लिए तो कंपनियां सितंबर से आना शुरू हो गई थीं। इस माह 12 कंपनियां मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग और अन्य संकाय के छात्रों के लिए आ रही हैं।

तीन-तीन विभागों का प्लेसमेंट एक साथ कराएंगे

प्लेसमेंट सेल की तैयारी है कि ऐसे तीन-तीन विभागों का प्लेसमेंट एक साथ हो, जिनमें एक जैसे संकाय के कोर्स चल रहे हों। इसकी शुरुआत आईएमएस और आईआईपीएस के कॉमन प्लेसमेंट से हो रही है। इनमें स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और स्कूल ऑफ कॉमर्स जैसे विभागों को भी जोड़ा जाएगा। पिछले साल करीब 90 से 95 कंपनियां आई थीं। इस बार जिन सवा सौ कंपनियों से संपर्क किया गया है, उनमें से करीब 115 से 118 कंपनियां आएंगी।